# युवक का अपहरण व मारपीट मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

## युवक के साथ मारपीट के प्रकरण में अब तक 10 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं



पुलिस ने मारपीट व लूट मामले में पांच जनों को गिरफ्तार किया।

- **युवक को पेड़ से बांधकर मारपीट कर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था**

**रतनगढ़,** (निसं)। शहर के संगम चौराहे से एक युवक का अपहरण कर उसके साथ डकैती व मारपीट करने तथा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पांच और आरोपियों को दबोच लिया। अब तक इस प्रकरण में कुल 10 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

मामले के अनुसार, सरदारशहर तहसील के गांव देराजसर निवासी 32 वर्षीय कृष्णकुमार मेघवाल ने रिपोर्ट दी कि उसका भाई दिलीप मेघवाल, जो निजी स्लीपर बस में परिचालक है और रतनगढ़-सूरत रूट पर कार्यरत है, 17 अगस्त की सुबह ड्यूटी पर जाने के लिए संगम चौराहे पर खड़ा था। तभी गांव के कुछ लोग मोटरसाइकिलों पर आए और उसे बहला-फुसलाकर सरदारशहर तहसील के गांव डेराजसर की रोही में ले गए। वहां दिलीप को पेड़ से बांधकर लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की गई। इस दौरान मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने गंभीरता से जांच शुरू की। अधिकारियों के निर्देश पर सीआई दिलीपसिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

जांच अधिकारी रामनिवास ने बताया कि शुक्रवार को राणासर बस स्टैंड से बिशनलाल पुत्र हनुमानराम, शिशुपाल पुत्र माहिचंद, बृजेंद्र पुत्र इंद्राज, भैराराम पुत्र गोपीराम (निवासी डेराजसर, तहसील सरदारशहर) तथा भवानी पुत्र बुधाराम (निवासी राणा) को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले भी सूरजप्रकाश नायक, लालचंद नायक, दिलीप नायक, भैराराम नायक और विनोद नायक को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो बाइक भी जब्त की है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और पूरे गिरोह का पर्दाफाश जल्द किया जाएगा।

# डकैती मामले में चार माह से फरार चार आरोपी गिरफ्तार



भाबरु थाना पुलिस ने डकैती के चार आरोपियों को जयसिंहपुरा से गिरफ्तार किया है।

- **पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो बाइक बरामद की है**
- **शराब ठेके पर सेल्समैन पर हमला कर 1.50 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए थे**

पावटा, (निसं)। भाबरु थाना पुलिस ने छह माह से फरार चल रहे डकैती के चार आरोपियों को जयसिंहपुरा से गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो बाइक बरामद की है। कोटपुतली-बहरोड़ जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई ने बताया कि पुलिस थाना भाबरु क्षेत्र से मामले में करीब छह माह से फरार चार आरोपी तेजपाल, अशोक, सचिन, सुरेंद्र को ग्राम जयसिंहपुरा से पकड़ा गया है।

एसपी विश्नोई ने बताया कि वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन एवं भाबरू थाना प्रभारी अंकित सामरिया के नेतृत्व में गठित टीम ने सूचना संकलन कर मुल्जिमों की तलाश करते हुए पूर्व में दो विधि से संघर्षरत बालकों को निरुद्ध किया गया। वहीं बाकी मुल्जिमों की तलाश करते हुए तेजपाल सिंधू पुत्र बीरबल निवासी ढाणी मेहताला तन बजरंगपुरा, अशोक कुमार सिंधू पुत्र तेजपाल निवासी ढाणी मेहताला तन बजरंगपुरा, सचिन पुत्र शिवपाल निवासी रूपपुरा, सुरेंद्र पुत्र ओमप्रकाश निवासी चांदोली को गिरफ्तार किया जाकर घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें जब्त की।

घटना की जानकारी देते हुए भाबरू थाना प्रभारी अंकित सामरिया ने बताया कि गत 14 अप्रैल को परिवादी दलीप कुमार जाट पुत्र रामचंद्र निवासी करवास ने पुलिस थाना पनियाला में मामला दर्ज करवाया था कि मेरी बागावास में अंग्रेजी व देशी शराब की दुकान है, जिसका लाइसेंस मेरी पत्नी खामोश देवी के नाम है। 14 अप्रैल समय शाम करीब 4.20 बजे तेजपाल सिंधू पुत्र बीरबल व 8 लड़के व 2 अन्य मोटरसाइकिल पर सवार होकर ठेके पर आए व लूट व जान से मारने की नियत से सेल्समैन पर हमला कर उसका सिर फोड़ दिया व गल्ले से 1 लाख 50 हजार रुपए लूटकर ठेके में तोड़फोड़ कर सेल्समैन विकास जाट से मारपीट कर फरार हो गए। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जिस पर मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

# अजमेर के बोराज में अशोक गहलोत अपनों में ही उलझे रहे, आपदा पीड़ित हुए नाराज

## पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने जल प्रभावित अधिकांश स्थानों का सर्वे अपनी गाड़ी में बैठकर ही किया

- **कई पीड़ितों ने मौके पर ही अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए कहा कि वे इतनी बड़ी विपदा में फंसे हैं और उन्हें अपनी बात कहने का मौका तक नहीं मिल पा रहा है**

**अजमेर,** (कासं)। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शनिवार को अजमेर के बोराज में तालाब की पाल टूटने से आई भीषण आपदा का निरीक्षण करने पहुंचे। हालांकि, यह दौरा कुछ मायनों में चर्चा का विषय भी बना रहा, जहां एक ओर गहलोत को अपने ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ ने घेरे रखा, वहीं दूसरी ओर आपदा प्रभावित लोगों को उनसे मिल पाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा, जिससे पीड़ितों में नाराज़गी देखने को मिली।

**तीन घंटे की देरी से पहुंचे, गाड़ी से सर्वे किया :-** अपने तय कार्यक्रम से लगभग तीन घंटे की देरी से दोपहर बाद अजमेर पहुंचे अशोक गहलोत सीधे बोराज के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए रवाना हुए। उन्होंने अधिकांश स्थानों का सर्वे अपनी गाड़ी में बैठकर ही किया।

**प्रभावितों ने जताई नाराज़गी :** कार्यकर्ताओं की भीड़ के कारण पूर्व मुख्यमंत्री से सीधे बात नहीं कर पाने से आपदा प्रभावित परिवारों में नाराज़गी देखने को मिली। कई पीड़ितों ने मौके पर ही अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए कहा कि वे इतनी बड़ी विपदा में फंसे हैं और उन्हें अपनी बात कहने का मौका तक नहीं मिल पा रहा है।

**एक क्षतिग्रस्त मकान के पास रुके, सुनी लोगों की पीड़ा :-** गहलोत ने बाद में एक क्षतिग्रस्त मकान के पास रुककर कुछ स्थानीय लोगों से सीधे मुलाकात की। पीड़ित महिला ने रोते हुए कहा कि उसके घर का सभी सामान खत्म हो गया। इस दौरान लोगों ने उन्हें अपने घर के नुकसान के बारे में जानकारी दी और तत्काल राहत की मांग की।

मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से इस आपदा से निपटने के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी के गठन की मांग की। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री को तुरंत एक कमेटी का गठन करना चाहिए, साथ ही एक-एक घर का सर्वे होना चाहिए, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर पीड़ितों को उचित और समयबद्ध राहत मिल सके। गहलोत ने कहा कि बोराज में हुआ नुकसान आंकलन से कहीं अधिक है और सरकार को इस पूरे मामले को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए भी ठोस कदम उठाने की आवश्यकता बताई।

# नाबालिग छात्रा ने आत्महत्या की

**कोटा,** (निसं)। कोटा के महावीर नगर थाना इलाके में एक नाबालिग नवीं कक्षा की छात्रा ने घर में रखा फिनाइल पी लिया, जिसकी तबियत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां छात्रा की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

महावीर नगर थानाधिकारी रमेश काविया ने बताया कि बारां जिले के छीपाबडौद कस्बे की 16 वर्षीया छात्रा जो हाल कोटा के महावीर नगर तृतीय में अपनी बुआ के पास रहकर नवीं कक्षा में पढ़ाई कर रही थी। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में सामने आया कि मोबाइल को लेकर परिजनों ने बालिका से कुछ कह दिया था। जिससे नाराज नाबालिग बालिका ने घर में रखा फिनाइल पी लिया। बालिका को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में चार महिलाओं की मौत

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। बौंली क्षेत्र से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर शनिवार शाम करीब चार बजे एक सड़क दुर्घटना में चार महिला पैदल यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई एवं दो गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें लालसोट चिकित्सालय में उपचार के लिए ले जाया गया है, मृतक महिलाओं को बौंली चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया गया है।

चिमनपुरा गांव थाना लालसोट से यात्रियों का एक दल शनिवार को बिजासन माता खुरा गांव से पूजा-अर्चना कर वापस लौट रहा था। मोरेल नदी में पानी की आवाक अधिक होने के कारण उनका ट्रैक्टर पास नहीं हो पाया। इस कारण यात्री पैदल ही दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर होते हुए गांव चिमनपुरा वापस आ रहे थे, इसी दौरान घाटा- नैनवाड़ी के पास प्याज से भरे एक ट्रोले ने पैदल चल रही यात्रियों को कुचल दिया, सड़क दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि मृतकों के हाथ पैर टूटकर अलग-अलग हो गए। सूचना पाकर लालसोट थाना प्रभारी किशन मीणा, बौंली एवं मित्रपुरा पुलिस एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंची। इसके बाद मृतकों को बौंली चिकित्सालय लाया गया एवं घायलों को लालसोट चिकित्सालय में उपचार के लिए ले जाया गया। जहां दोनों घायलों की हालत खतरे के बाहर बताई जा रही है। मृतकों में लीला देवी मीणा, उगंती मीणा, धोली देवी मीणा, चाईना मीणा की मौके पर ही मौत हो गई, एवं संगीता मीणा व मंजू मीणा का लालसोट चिकित्सालय में उपचार चल रहा है, जिनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सभी मृतक लालसोट तहसील चिमनपुरा एवं दोसा के विजयपुरा गांव की रहने वाली थी।

# हत्या के मामले में सात साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

- **आरोपी हत्या के बाद दिल्ली जाकर मजदूरी करने लगा था**
- **ताऊ के बेटे की मौत पर गांव आने पर आरोपी को पुलिस ने पकड़ा**

**सीकर,** (निसं)। सीकर की खंडेला पुलिस ने हत्या के मामले में सात साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी हत्या के बाद दिल्ली भाग गया था और मजदूरी करने लगा था। ताऊ के बेटे की मौत पर गांव आने पर पकड़ा गया। मृतक आरोपी के बहनोई की बहन से बात करता था। इस बात पर दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था।

खंडेला थाना प्रभारी इंद्रप्रकाश यादव ने बताया कि हत्या के आरोपी महेश कुमार योगी (32) पुत्र वठालाल योगी निवासी गिरावडी मोड को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। आरोपी मोबाइल नहीं रखता था। इस कारण उसकी लोकेशन भी पता नहीं चल रही थी। उसकी संभावित जगहों पर दबिश दी लेकिन कुछ पता नहीं चल रहा था। अब 3 दिन पहले अपने ताऊ के बेटे की मौत शोक सभा में शामिल होने गांव आया था। पुलिस ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दिल्ली में रहकर मजदूरी करने लगा था।

थाना प्रभारी ने बताया कि मामले को लेकर 12 अप्रैल 2018 को महेश कुमार निवासी कांवट ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया था कि 11 अप्रैल 2018 को दोपहर 3 से 4 बजे के बीच उसके भाई हंसराज के पास महेश योगी के बहनोई सरदारमल का कॉल आया था। सरदारमल से मिलने के लिए हंसराज पर बाइक गया था, लेकिन अगले दिन तक वापस नहीं लौटा। इस पर परिवार ने पुलिस को सूचना दी। खंडेला पुलिस चौकी से दोपहर से सूचना मिली कि एक डेड बॉडी सलेदीपुरा बीहड़ में पड़ी है। पहचान करने पर शव हंसराज का मिला। मृतक के भाई महेश कुमार ने बताया कि हंसराज महेश योगी के बहनोई सरदारमल की बहन से बातचीत करता था। इस बात को लेकर सरदारमल नाराज चल रहा था। ऐसे में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर हंसराज की हत्या कर दी थी। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में सबसे पहले सरदारमल को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया था कि उसके साथ वारदात में महेश योगी भी शामिल था। पहले हंसराज को शराब पिलाई। उसके बाद गला रेतकर तेजाब डाल दिया था।

# विवाहिता को बंधक बनाकर दुष्कर्म

**बीकानेर,** (निसं)। खाजूवाला में एक विवाहिता को बंधक बनाकर दुष्कर्म, अश्लील फोटो वीडियो से ब्लैकमेल और जान से मारने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की ओर से खाजूवाला थाना पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि उसका पड़ोसी कमलेश नायक का घर आना-जाना था। उसने अपने जाल में फंसा लिया।

पांच माह पूर्व जेवरात के साथ उसे अपने साथ ले गया और बंधक बनाकर रखा। उसके साथ दुष्कर्म करता और अश्लील फोटो वीडियो बना लिए जिन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। शराब पीकर उससे मारपीट करने लगा। दो सितंबर की रात को भी शराब पीकर मारपीट की। जान से मारने के लिए चुन्नी के फंदे से गला घोंटकर मारने का प्रयास किया। पीड़िता जान बचाकर भागी तो बाइक से उसे टक्कर मारी जिससे वह चोटिल हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज किया है जिसकी जांच एसएचओ सुरेन्द्र प्रजापत करेंगे।

# पिपलोदी हादसा : सांसद किरोड़ी लाल ने पीड़ित बच्चों के परिजनों से मुलाकात की

## सांसद किरोड़ी लाल ने अपने वेतन से मृतकों के परिवारों को 1-1 लाख तथा घायल बच्चों को 10-10 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की

**झालावाड़/छीपाबड़ौद।** झालावाड़ जिले के पिपलोदी गांव के राजकीय विद्यालय में हाल ही में हुए हृदयविदारक हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक संतप्त कर दिया है। राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने शनिवार को स्वयं गांव पहुंचकर पीड़ित बच्चों के परिजनों और ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने घटना की पूरी जानकारी ली और शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह क्षति अपूरणीय है। सांसद किरोड़ी लाल ने मानवीय संवेदना के तहत अपने वेतन से मृतकों के परिवारों को 1-1 लाख तथा घायल बच्चों को 10-10 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और कहा कि इस दुःख की घड़ी में वे अकेले नहीं हैं। ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उन्होंने कहा कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और शोक संतप्त परिवारों को यह असहनीय दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

इस अवसर पर सांसद ने ग्रामीणों से क्षेत्र की अन्य समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए ताकि त्वरित समाधान हो सके। उन्होंने यह भरोसा दिलाया कि जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल कराया जाएगा।

इसी दिन छीपाबड़ौद क्षेत्र से एक और संवेदनशील खबर सामने आई, जिसने सांसद को भीतर तक झकझोर दिया। महेन्द्र नागर नामक किसान ने खाद वितरण में हो रहे शोषण और अनावश्यक अटैचमेंट के विरोध में दिल्ली तक साइकिल यात्रा आरंभ की। इस विषय में जानकारी मिलने पर किरोड़ी लाल ने नागर से दूरभाष पर बातचीत कर उनकी समस्या को गंभीरता से सुना और उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। सांसद ने इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए प्रदेश के सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यूरिया और डीएपी खाद के साथ किसी भी प्रकार के अटैचमेंट को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि निर्देशों का पालन नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

किरोड़ी लाल ने दो टूक कहा कि किसानों का हित सर्वोपरि है और खाद वितरण में किसी प्रकार की जबरदस्ती या शोषण अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने किसानों से संयम बनाए रखने की अपील करते हुए भरोसा दिलाया कि सरकार और प्रशासन उनके साथ है।

# पाटन में डाबला बाजार की जर्जर सड़क से हादसों का अंदेशा, प्रशासन मौन



जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया।

- **लगभग एक किलोमीटर लंबा मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है, इस मार्ग पर दो-दो फीट तक कीचड़, दलदल और गहरे गड्ढे बन चुके हैं**
- **व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र मार्ग का मरम्मत कार्य प्रारंभ नहीं किया बाजार बंद, सड़क जाम एवं प्रदर्शन करेंगे**

**पाटन,** (निसं)। पाटन तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत डाबला के बाजार, जो कि क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक केंद्र है, इन दिनों जर्जर सड़कों के कारण भारी परेशानी का केंद्र बन चुका है। पूर्व सरपंच अमरनाथ गोयल की दुकान से लेकर डाबला-पाटन तिराहे तक लगभग एक किलोमीटर लंबा मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। इस मार्ग पर दो-दो फीट तक कीचड़, दलदल और गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जिससे प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन संकट में पड़ गया है। स्कूली बच्चों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए यह रास्ता मानों एक दुर्घटना का न्यौता बन चुका है।

स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि डाबला बाजार न केवल 10-15 ग्राम पंचायतों का केंद्र है, बल्कि यह पाटन, कोटपूतली, नीमकाथाना, खेतड़ी, सिंघाना और नारनौल जैसे प्रमुख कस्बों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग भी है। इसके बावजूद इस सड़क की दशा पर प्रशासन और लोक निर्माण विभाग ने अब तक कोई ध्यान नहीं दिया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार अधिकारियों को सूचित किया जा चुका है, परंतु सिर्फ आश्वासन ही मिले, कार्यवाही नहीं हुई। इससे जनता में गहरा रोष व्याप्त है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए युवा नेता नरेंद्र सैनी के नेतृत्व में जर्जर सड़क को लेकर जिला कलेक्टर के मार्फत डिप्टी सीएम दिया कुमारी को ज्ञापन दिया तथा बदहाल सड़कों को शिघ्र दुरुस्त करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में किशोर, सुरेश राजू, ताराचंद, सतपाल, रोबेश, रोताश, प्रशांत सहित डाबला व्यापार मंडल के व्यापारी मौजूद रहे। वहीं व्यापारियों ने चेतावनी दी है यदि शीघ्र ही इस मार्ग का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो वे मजबूर होकर बाजार बंद, सड़क जाम एवं अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करेंगे। स्थानीय व्यापारी संगठनों और समाजसेवियों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि डाबला बाजार की सड़क को शीघ्र अति शीघ्र ठीक करवाया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना ना हो।

# मुख्यमंत्री आवास योजना में पार्टनरशिप दिलाने के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। मुख्यमंत्री आवास योजना में पार्टनरशिप दिलाने के नाम पर करीब तीन करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला भीलवाड़ा के नामचीन बिल्डर और होटल व्यवसायी निजाम मंसूरी के खिलाफ प्रताप नगर थाने में दर्ज हुआ है।

पीड़ित नासिर मोहम्मद ने बताया कि उसके साथ हुई धोखाधड़ी को लेकर जब उसने निजाम मंसूरी से पैसे को लेकर तकाजा किया तो उसने लॉरेंस विश्नोई जैसे गैंगस्टरों से मरवाने की धमकी तक दे डाली। यहां तक कि उसे और उसके बेटे को जान से मारने की धमकियां भी दी गई और तो और एक खाते में 3 लाख रुपए जमा कराने को कहा गया। इससे परेशान होकर पीड़ित नासिर मोहम्मद ने कोर्ट के जरिए निजाम मंसूरी, उसकी पत्नी सलमा बानू, बेबी बानू व मोहम्मद शकील निवासी शास्त्रीनगर और जाकिर मोहम्मद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। साथ ही अपने परिवार के लिए सुरक्षा की गुहार भी लगाई है क्योंकि आरोपी पक्ष की राजनीतिक और प्रभावशाली लोगों से पहचान है। प्रताप नगर थाना प्रभारी सुरजीत ठोलिया ने बताया कि निजाम मंसूरी के खिलाफ कोर्ट के माध्यम से दर्ज हुए मुकदमे को लेकर हमने जांच अधिकारी को जांच सौंप दी है। वह आगे की जांच करके रिपोर्ट पेश करेंगे। उसके आधार पर आगे की कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा। हालांकि सूत्रों से पता चला है कि उक्त मामले में निजाम मंसूरी ने फर्जी स्टांप के जरिए परिवादी की राजसमंद-नाथद्वारा हाइवे पर स्थित करोड़ों रुपए की जमीन भी अपने नाम करने का प्रयास किया था। सूत्रों से यह भी पता चला है कि बिल्डर निजाम मंसूरी इसी तरह फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भूमाफिया बना बैठा है। भीलवाड़ा के 200 फीट रोड पर मंसूरी की दो होटल है जिन्हें लेकर भी स्थानीय लोग कई बार प्रशासन को अपनी शिकायतें दर्ज करा चुके हैं लेकिन अपने रसूखों का फायदा उठाकर मंसूरी समाज सेवा के नाम पर अपने काले कारनामों को अंजाम देता है।

# बॉर्डर के पास पकड़े युवक ने खुलासे किये

जैसलमेर, (निसं.)। जैसलमेर में बॉर्डर के पास पकड़े गए युवक ने चौकाने वाले खुलासे किए हैं। युवक अरब देशों में नौकरी के लिए जाना चाहता था। ऐसे में उसने जैसलमेर के रास्ते पाकिस्तान और वहां से अरब देशों में जाने का रास्ता चुना। वह बॉर्डर क्रॉस करता उससे पहले ही उसे पकड़ लिया। पूछताछ में ये भी सामने आया है कि उसका एक भाई भी सऊदी अरब में काम करता है। सुरक्षा एजेंसियों ने जानकारी पुख्ता करने के लिए पश्चिम बंगाल में युवक लालचंद शेख के परिजनों से भी संपर्क किया है। एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, लालचंद शेख ने बताया है कि उसने विदेश जाने के लिए वीजा अप्लाई किया था, लेकिन उसे वीजा नहीं मिला। इसके बाद उसने जैसलमेर के रास्ते पाकिस्तान और फिर अरब देशों में जाने का प्लान बनाया। पूछताछ में सामने आया कि उसका एक भाई सऊदी अरब में काम करता है। ऐसे में उसने 10 दिन पहले पश्चिम बंगाल में स्थित अपना घर छोड़ दिया था। वहां से लालचंद पहले अजमेर आया और जैसलमेर चला गया।